सांध्य दैनिक

# डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

*NewsPaper*NewsPortal*NewsChannel

DGR Detective Group Report

सतर्क रहें-सजग रहें अभियान

www.dgr.co.in | www.detectivegroupreport.com

वर्ष : 10 अंक : 189 | इंदौर, गुरुवार 23 जनवरी, 2025 | पेज : 8, मूल्य : 2 रुपए

## मप्र में 25 जनवरी से फिर कड़ाके की ठंड

**उत्तरी हवा चलने से 2 से 3 डिग्री लुढ़केगा पारा; रात में पचमढ़ी सबसे ठंडा**



**भोपाल, एजेंसी। मध्यप्रदेश में 25 जनवरी से फिर तेज ठंड का दौर शुरू होगा। उत्तरी हवा से दिन-रात के तापमान में 2 से 3 डिग्री की गिरावट हो सकती है। अभी दो सिस्टम की एक्टिविटी होने से हवा का रुख अभी दक्षिण-पूर्वी है।**

सीनियर मौसम वैज्ञानिक डॉ. वेद प्रकाश सिंह ने बताया कि पंजाब और निकटवर्ती क्षेत्रों में साइक्लोनिक सर्कुलेशन एक्टिव है। वहीं, एक वेस्टर्न डिस्टरबेंस (पश्चिमी विक्षोभ) की भी एक्टिविटी है। इस वजह से दक्षिण-पूर्वी हवा चल रही है। अगले 2 दिन में हवा का रुख उत्तरी हो जाएगा। इससे प्रदेश एक बार फिर ठंडी हवा की चपेट में आएगा और दिन-रात के तापमान में दो से तीन डिग्री तक गिरावट की संभावना है।

### जेट स्ट्रीम हवा चल रही, पर असर कम

पश्चिम-उत्तर भारत में जेट स्ट्रीम हवाएं भी चल रही हैं, लेकिन प्रदेश में इसका असर कम है। जेट स्ट्रीम हवाएं जमीन से 12.6 किमी की ऊंचाई पर चलती हैं। बुधवार को जेट स्ट्रीम 268 किमी प्रतिघंटा की रफ्तार से चली। मौसम विभाग के अनुसार, जेट स्ट्रीम हवा की रफ्तार कम होने से तापमान में बढ़ोतरी हुई है।

इस वजह से पिछले 5 दिन से प्रदेश के मौसम में खासा बदलाव हुआ है। जिन शहरों में दिन में पारा 20 डिग्री के नीचे था और शीतलहर चल रही थी, वहां पर ठंड का असर नहीं है। बल्कि तेज धूप है। कई शहरों में रात के तापमान में भी बढ़ोतरी हुई है।

### ◆ इंदौर में दिन के तापमान में 2 डिग्री की बढ़ोतरी

इंदौर में पिछले 24 घंटों के दौरान ठंड का असर और कम हो गया है। बुधवार को दिन के तापमान में 2 डिग्री की बढ़ोतरी हुई, और यह 29.2C (+3) तक पहुंच गया। रात के तापमान में भी 1 डिग्री का इजाफा हुआ, जो 13.9C (+4) रहा। गुरुवार को मौसम पूरी तरह से साफ है और धूप खिलने के साथ ठंड में कमी आई है। मौसम विभाग के मुताबिक, मध्य प्रदेश में शनिवार से फिर तेज ठंड का दौर शुरू होगा। इस दौरान उत्तरी हवा के कारण दिन-रात के तापमान में 2 से 3 डिग्री की गिरावट हो सकती है। फिलहाल दो मौसम प्रणालियों की सक्रियता के कारण हवा का रुख दक्षिण-पूर्वी है। सीनियर मौसम वैज्ञानिक डॉ. वेद प्रकाश सिंह के अनुसार, पंजाब और आसपास के क्षेत्रों में साइक्लोनिक सर्कुलेशन सक्रिय है, और साथ ही एक वेस्टर्न डिस्टरबेंस की भी गतिविधि है। इस वजह से दक्षिण-पूर्वी हवा चल रही है। अगले दो दिनों में हवा का रुख उत्तरी हो जाएगा, जिससे प्रदेश एक बार फिर ठंडी हवा की चपेट में आएगा और दिन-रात के तापमान में 2 से 3 डिग्री तक गिरावट की संभावना है। इंदौर में भी इसका असर देखा जाएगा।

## भतीजे ने चाचा-चाची को किया मारने का प्रयास, दो बेटियों की गला रेतकर हत्या, फरार

**हाथरस, एजेंसी**। हाथरस कोतवाली सदर क्षेत्र के आशीर्वाद धाम कॉलोनी में रहने वाले छोटे लाल गौतम जवाहर स्मारक इंटर कॉलेज मीतई में प्रवक्ता के पद पर तैनात हैं। 22 जनवरी की रात करीब 9 बजे छोटे लाल गौतम का रिश्ते का भतीजा अपने एक साथी के साथ घर आया। खाना खाकर सभी लोग सो गए। आरोप है कि रात करीब 1 बजे रिश्ते के भतीजे विकास ने अपने साथी के साथ मिलकर छोटे लाल गौतम की दोनों बेटी की धारदार हथियार से गला रेतकर कर हत्या कर दी।

सीएम डॉ. यादव बोले-

# औद्योगिक गतिविधियों और निवेश के लिए मध्यप्रदेश संभावनाओं का प्रदेश







@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल, एजेंसी। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की उपस्थिति में 24 और 25 फरवरी को भोपाल में होने वाली 'ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट'के लिए उद्योग समूहों और निवेशकों को आमंत्रित किया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव पुणे में हुए इंटरैक्टिव सेशन में उद्योग जगत के प्रमुख प्रतिनिधियों और निवेशकों को संबोधित कर रहे थे।**

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि औद्योगिक गतिविधियों और निवेश के लिए मध्यप्रदेश संभावनाओं का प्रदेश है। प्रदेश में वर्ष-2025 को उद्योग एवं रोजगार वर्ष घोषित किया है। औद्योगिक विकास की गति को तेज कर प्रदेश को आर्थिक रूप से अधिक उन्नत और समृद्ध बनाने के उद्देश्य से निवेश-अनुकूल नीतियों, उत्कृष्ट बुनियादी ढांचे और कुशल मानव संसाधन की उपलब्धता पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। मध्यप्रदेश, अपने प्राकृतिक सौंदर्य, धार्मिक स्थलों और विश्वस्तरीय बुनियादी ढांचे के साथ, निवेशकों के लिए एक आकर्षक केन्द्र के रूप में उभर रहा है। हमारी व्यापारिक राजधानी इंदौर ने स्वयं को स्वच्छता की राजधानी के रूप में भी स्थापित किया है। पीथमपुर और मंडीदीप प्रदेश ही नहीं देश के प्रमुख औद्योगिक केंद्र के रूप में विकसित हुए हैं। शिक्षा, स्वास्थ्य, खनन, फार्मा, पर्यटन, आईटी,सहित सभी क्षेत्रों में सुगम एवं आकर्षक नीतियां विकसित की गई हैं। राज्य के विभिन्न अंचलों में निवेश प्रोत्साहन के लिए देश के शहरों में जाकर उद्योग समूहों और निवेशकों के साथ इंटरैक्टिव सेशन आयोजित किये गए हैं। पुणे का सत्र भी इसी क्रम की अगली कड़ी है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने दीप प्रज्ज्वलित कर इंटरैक्टिव सेशन का शुभारंभ किया।

### सरकार'ईज ऑफ डूइंग बिजनेस' पर विशेष रूप से दे रही है ध्यान

मुख्यमंत्री ने कहा कि मध्यप्रदेश में उद्योग जगत को श्रमिक समस्या सहित अन्य कठिनाइयों का सामना नहीं करना पड़ता। स्वयं के कार्य पर एकाग्रता के साथ ध्यान देना प्रदेशवासियों का विशिष्ट गुण है। 'ईज ऑफ डूइंग बिजनेस' का विचार सरकार और समाज में रचा बसा है। सूचना प्रौद्योगिकी संसाधनों से प्रबंधन के वर्तमान दौर में मध्यप्रदेश में उद्योगों का संचालन अधिक सरल और सुगम हुआ है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने विश्वास व्यक्त किया कि प्रधानमंत्री श्री मोदी की उपस्थिति में होने जा रही ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट के माध्यम से उद्योग समूहों और मध्यप्रदेश के संबंध अधिक प्रगाढ़ होंगे। प्रधानमंत्री के नेतृत्व में देश विश्व की तीसरी अर्थव्यवस्था बनने की ओर अग्रसर है। उद्योगपतियों का देश की अर्थव्यवस्था को आगे बढ़ाने में भी महत्वपूर्ण योगदान है। यदि सेना का जवान सीमा पर देश की रक्षा करता है तो उद्योगपति अपने कौशल प्रबंधन के आधार पर देश को समर्थ-समृद्ध और वैभवशाली बनाने में अपना योगदान देता है। उद्योग समूह रोजगार उपलब्ध कराने का प्रभावी माध्यम हैं।

### मध्यप्रदेश और महाराष्ट्र का एतिहासिक रूप से रहा है आत्मीय संबंध

मुख्यमंत्री ने कहा कि मध्यप्रदेश का महाराष्ट्र से दिल का रिश्ता है। पुणे का मौसम मध्यप्रदेश से मिलता-जुलता है। मालवा के सभी देव स्थान महाराष्ट्र के साथ जुड़े हैं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने छत्रपति शिवाजी, सिंधिया, होल्कर, पेशवा का उल्लेख करते हुए कहा कि लोकमाता देवी अहिल्या बाई ने सुशासन, शौर्य, कौशल संवर्धन के साथ ही धर्म के क्षेत्र में अद्भुत उदाहरण प्रस्तुत किए। पांच जिलों में विस्तारित उनका राज्य देश में सुशासन का आदर्श बना।

### प्रदेश में आने वाले सभी उद्योगों का है स्वागत

मुख्यमंत्री ने कहा कि हम सर्वे भवन्तु सुखिन: सर्वे संतु निरामय: के भाव के अनुसार अन्य प्रदेशों और देशों से आने वाले उद्योगों का स्वागत और सबके कल्याण एवं प्रगति की कामना करते हैं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि यह सत्र प्रदेश के औद्योगिक भविष्य को आकार देने और आर्थिक गतिविधियों को प्रोत्साहित करने में उत्प्रेरक की भूमिका निभाएंगे।

### ब्रिज-स्टोन के हिरोशी योशिजाना ने की मध्यप्रदेश की प्रशंसा

ब्रिज-स्टोन इंडिया प्राइवेट लिमिटेड के मैनेजिंग डायरेक्टर हिरोशी योशिजाना ने भी अपने अनुभव और सुझाव साझा करते हुए कहा कि देश में मध्यप्रदेश की भौगोलिक स्थिति, प्रदेशवासियों का कौशल, कर्मठता और व्यवहार तथा शासन की सहयोगी कार्यप्रणाली प्रदेश को उद्योग अनुकूल बनाती है।

### मध्यप्रदेश निवेश के लिए एक आदर्श स्थान : अध्यक्ष पिनेकल मेहता

पिनेकल इंडस्ट्रीज लिमिटेड पीथमपुर के अध्यक्ष और प्रबंध निदेशक सुधीर मेहता ने पुणे में 'इन्वेस्ट एमपी इंटरैक्टिव सेशन' के अवसर पर मध्यप्रदेश में अपने व्यावसायिक अनुभवों को साझा करते हुए कहा कि मध्यप्रदेश निवेश के लिए एक आदर्श स्थान है। मध्यप्रदेश एक ऐसा राज्य है, जहां दुनिया के किसी भी हिस्से से आने वाले निवेशकों के लिए हर सुविधा उपलब्ध है। उन्होंने मध्यप्रदेश की विकास यात्रा को रेखांकित करते हुए कहा कि यह राज्य बीमारू राज्यों की श्रेणी से निकलकर एक विकसित राज्य के रूप में उभरा है। मध्यप्रदेश की 'ईज ऑफ डूइंग बिजनेस एवं ईज ऑफ लिविंग' नीतियां निवेशकों को आकर्षित करती हैं। मध्यप्रदेश में कानून-व्यवस्था बेहतरीन है।

# इंदौर को आठवीं बार नंबर-1 बनाने की तैयारी जोरों पर

## सफाई मित्रों पर महापौर ने बरसाए फूल

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर। इंदौर में सफाई व्यवस्था को देशभर में नंबर वन बनाए रखने वाले सफाई मित्रों का नेहरू पार्क स्थित स्वच्छ भारत मिशन ऑफिस में सम्मान किया गया। दिसंबर माह में उत्कृष्ट काम करने वाले सफाई मित्रों को महापौर पुष्यमित्र भार्गव और आयुक्त शिवम वर्मा ने फूल बरसाकर सम्मानित किया। कार्यक्रम में निगम के वरिष्ठ अधिकारी, स्वास्थ्य प्रभारी अश्विनी शुक्ल और बड़ी संख्या में सफाई मित्र शामिल हुए।**




महापौर ने सफाई मित्रों की मेहनत को सराहा और कहा, 'आपकी कड़ी मेहनत से ही इंदौर लगातार सात बार स्वच्छता में नंबर वन बना है और इस बार भी नंबर वन बनेगा। आपकी लगन और समर्पण की वजह से पूरी दुनिया इंदौर को देखने आती है।'कार्यक्रम में चेयर रेस और सांस्कृतिक आयोजन के साथ सफाई मित्रों के काम का उत्साहवर्धन किया गया। इस दौरान महापौर ने 'इंदौर रहेगा नंबर वन' का नारा लगवाकर सफाई मित्रों का हौसला बढ़ाया। मीडिया से बातचीत में महापौर पुष्यमित्र भार्गव ने कहा कि इंदौर को आठवीं बार स्वच्छता में नंबर वन बनाने के लिए पूरी ताकत झोंकी जा रही है। सफाई मित्र बहनों के बीच 'सबसे नीट अपनी बीट' प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है, जिसमें उनकी मेहनत का सम्मान अनूठे तरीके से किया जा रहा है। सफाई मित्रों को गिफ्ट वाउचर दिए गए हैं, जिन्हें वे अपने परिवार के साथ उपयोग कर सकते हैं। निगम आयुक्त शिवम वर्मा ने सफाई मित्रों की कड़ी मेहनत की सराहना करते हुए कहा- 'हमारे सफाई मित्र ठंड, गर्मी, और बारिश में भी लगातार काम करते हैं। इन्हीं के प्रयासों से इंदौर लगातार स्वच्छता में नंबर वन बना हुआ है। इस कार्यक्रम का उद्देश्य उनकी मेहनत को सम्मानित करना है।' कार्यक्रम में उत्कृष्ट सफाई मित्रों को शॉपिंग मॉल के वाउचर देकर प्रोत्साहित किया गया, ताकि वे अपने परिवार के साथ उनका आनंद ले सकें। आयुक्त ने यह भी कहा कि हर सफाई मित्र अपने काम में उत्कृष्ट है और इंदौर की स्वच्छता के लिए सभी विजेता हैं।

## एमजी रोड थाने की ऊर्जा डेस्क प्रभारी अनीता शर्मा को पुलिस कमिश्नर ने किया सम्मानित



@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर।** एमजी रोड थाने की ऊर्जा डेस्क प्रभारी अनीता शर्मा को उनकी उत्कृष्ट सेवाओं के लिए पुलिस कमिश्नर संतोष सिंह ने प्रशंसा पत्र से सम्मानित किया। अनीता शर्मा ने महिलाओं की सुरक्षा और जागरूकता के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य किया है। उन्होंने थाना क्षेत्र के स्कूल-कॉलेजों में महिलाओं के खिलाफ होने वाले अपराधों की रोकथाम के लिए विशेष जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए। अनीता शर्मा ने महिलाओं से संबंधित शिकायतों का त्वरित निपटारा किया और कई बेसहारा बच्चियों को शिक्षा के लिए प्रेरित कर उनकी मदद की। उनकी सेवाएं कोरोना काल में भी सराहनीय रहीं, जब उन्होंने अपनी 180 दिनों की चाइल्ड केयर लीव को स्वेच्छा से रद्द कर देश सेवा का जज्बा दिखाया। इतना ही नहीं, उन्होंने कोरोना ड्यूटी पर तैनात कर्मियों के लिए 150 लीटर केरी का पना स्वयं तैयार कर वितरित भी किया।

## गणतंत्र दिवस समारोह में सांस्कृतिक प्रस्तुति के लिये अहिल्याश्रम विद्यालय की छात्राओं का अभ्यास जारी



@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर।** शासकीय सीएम राइज अहिल्याश्रम कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय क्रमांक-2 का चयन जिला स्तर पर आयोजित होने वाले ध्वजारोहण कार्यक्रम में सांस्कृतिक प्रस्तुति के लिए किया गया है। प्राचार्य श्री दीपक हलवे ने बताया कि विद्यालय की छात्राओं में इस बात को लेकर उत्साह है कि उन्हें इस गरिमामय कार्यक्रम में देशभक्ति गीतों पर प्रस्तुति देने का अवसर मिला है। इसके लिये विद्यालय की छात्राओं का विद्यालय परिसर में अभ्यास जारी है।

# संभागायुक्त दीपक सिंह ने सुपर कॉरिडोर और आसपास के विकास स्थलों का किया निरीक्षण

### सुपर कॉरिडोर के विकास में आ रही बाधाओं को शीघ्र दूर करने के दिए निर्देश

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर। संभागायुक्त व इंदौर विकास प्राधिकरण के अध्यक्ष श्री दीपक सिंह ने सुपर कॉरिडोर के विकास में आ रही बाधाओं के संबंध में आज सुपर कॉरिडोर और आसपास के विकास स्थलों का दौरा किया। उन्होंने विकास कार्यों में आ रही बाधाओं को शीघ्र दूर करने हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। संभागायुक्त ने प्रस्तावित कन्वेंशन सेंटर के निर्माण स्थल का भी निरीक्षण किया।** उन्होंने इंदौर विकास प्राधिकरण के सुपर कॉरिडोर और उसके आसपास की योजनाओं के क्षेत्र का भी निरीक्षण किया। साथ ही प्राधिकरण द्वारा प्रस्तावित नवीन अहिल्यापथ योजना के अंतर्गत ap1 से 5 तक योजनाओं का स्थल निरीक्षण किया। निरीक्षण में प्राधिकरण के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री राम प्रकाश अहिरवार के द्वारा सुपर कॉरिडोर पर किए जा रहे विकास कार्यों की विस्तृत जानकारी दी गई। उन्होंने टीपीएस 10 योजना की प्रगति के बारे में भी अवगत कराया। संभागायुक्त श्री सिंह ने सुपर कॉरिडोर की मिसिंग लिंक के संबंध में चर्चा करते हुए संबंधित जमीन मालिकों को बुलाकर चर्चा करने के निर्देश दिए गए। इस अवसर पर प्राधिकरण के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।



# यातायात सुधार के लिए हटाया गया अतिक्रमण



@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर।** कलेक्टर श्री आशीष सिंह एवं नगर निगम आयुक्त श्री शिवम वर्मा के निर्देश पर शहर में यातायात सुधार के लिये मुहिम चलाकर कार्रवाई की जा रही है। इसी क्रम में आज क्रमांक 9 में कनाडिया रोड पर अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई की गई। इस दौरान दुकान, मकानों के सामने बने शेड, ओटले और सड़क पर किये गये अतिक्रमण को हटाया गया। यह कार्रवाई जिला प्रशासन, यातायात पुलिस और नगर निगम के अमले द्वारा की गई। यह कार्रवाई निरंतर जारी रहेगी।

## एसडीएम को शोकाज नोटिस जारी करने के दिए निर्देश

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर।** संभागायुक्त श्री दीपक सिंह की अध्यक्षता में आज संभागायुक्त कार्यालय में टीएल बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में नगर निगम, महिला एवं बाल विकास विभाग, लोक शिक्षण विभाग, सहकारिता विभाग, यांत्रिकी सेवा विभाग, स्वास्थ्य आदि विभागों के अधिकारी शामिल हुए। बैठक में संभागायुक्त श्री सिंह ने सभी विभागों के कार्यों की प्रगति की जानकारी ली और जो कार्य समयावधि में पूरे नहीं किये गये, उसको लेकर अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिये। बैठक में श्री सिंह ने लोक शिक्षण विभाग अंतर्गत जवाहर नवोदय विद्यालय जूनापाली मनावर में असामाजिक गतिविधि की जानकारी मिलने पर उसकी जाँच के लिये जिला शिक्षा अधिकारी को निर्देश दिये। उन्होंने इस संबंध में एसडीएम बड़वाह को शोकाज नोटिस जारी करने के लिये उपायुक्त राजस्व श्रीमती सपना लोवंशी को निर्देश दिये।

बैठक में डिप्टी कलेक्टर श्रीमती सीमा मौर्य, महिला एवं बाल विकास विभाग की संयुक्त संचालक श्रीमती संध्या व्यास, स्वास्थ्य विभाग की संयुक्त संचालक डॉ. पूर्णिमा गडरिया, यांत्रिकी सेवा विभाग के अधीक्षक यंत्री श्री एस.के. सोलंकी सहित अन्य संबंधित अधिकारी मौजूद थे।

# नेताओं के बच्चों को अधिक नंबर देकर डिप्टी कलेक्टर बनाया!

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

इंदौर। एमपीपीएससी (मप्र लोक सेवा आयोग) की भर्तियों पर छात्र संगठन नेशनल एजुकेटेड यूथ यूनियन (एनईवाययू) ने गंभीर आरोप लगाए हैं। संगठन ने सोशल मीडिया पर इसकी जानकारियां पोस्ट की हैं और कहा है कि इंटरव्यू की प्रक्रिया पारदर्शी नहीं है। विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार ने भी इंटरव्यू की प्रक्रिया पर सवाल उठाए हैं। हाल ही में उन्होंने एक प्रेस वार्ता करके कहा है कि एमपीपीएससी के इंटरव्यू की रिकॉर्डिंग क्यों नहीं की जा रही है? मेन्स के परिणाम में थर्ड टापर रहे राम सोलंकी ने सोशल मीडिया पर अपना दर्द साझा किया है। राम को मेन्स में 768 नंबर मिले और इंटरव्यू में उन्हें सिर्फ 75 नंबर दिए गए। उन्होंने सोशल मीडिया पर कविता लिखकर कहा है कि मेन्स में सबसे ऊंचा था मेरा नाम, जब आया इंटरव्यू का पहर, सपनों पर लगा दिया भ्रष्टाचार का जहर। 75 अंक देकर किया किनारा, मेरी मेहनत को कर दिया बेसहारा।





नेशनल एजुकेटेड यूथ यूनियन (एनईवाययू) के सदस्यों का कहना है कि जिन छात्रों को मुख्य परीक्षा में सर्वाधिक नंबर आए वे इंटरव्यू में कम नंबर ला पाए और नेताओं के जो बच्चे मुख्य परीक्षा में कम नंबर लाए थे इंटरव्यू में उन्हें सर्वाधिक नंबर दिए गए। परिणाम यह हुआ कि मुख्य परीक्षा में सर्वाधिक अंक लाने वाले तहसीलदार बनकर रह गए और इंटरव्यू में मिले अधिक नंबरों के दम पर नेताओं के बच्चे डिप्टी कलेक्टर बन गए। उन्होंने यह भी कहा कि कुछ छात्रों को लगातार हर परीक्षा में इंटरव्यू में बेहतर नंबर दिए गए। राधे और रणजीत ने कहा कि सरकार अपने परिचितों को प्रशासन में बड़े पदों पर बैठकर अगले कुछ साल में पूरी प्रशासनिक व्यवस्था को अपने हाथों से नियंत्रित करना चाह रही है। अगर इसी तरह से चलता रहा तो प्रशासन में सभी अधिकारी नेताओं के परिचित ही होंगे। दोनों ने कहा कि पूरी सूची तैयार की जा रही है। इसमें कई नेताओं के परिचितों के नाम शामिल हैं। हम जल्द ही पूरी सूची सार्वजनिक करेंगे और सही फोरम पर मुद्दों को उठाएंगे।

## 12वीं के स्टूडेंट्स ने थार से गिरकर बनाया वीडियो



@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

इंदौर। इंदौर क्राइम ब्रांच के एडिशनल डीसीपी राजेश दंडोतिया ने थार से गिरकर वीडियो बनाने वाले छात्रों को हिदायत दी है। इस तरह के वीडियो नहीं बनाने की है। वीडियो वायरल होने के बाद क्राइम ब्रांच के ऑफिस में निजी स्कूल के 12वीं के 3 छात्रों को बुलाया गया था। यहां पर एडिशनल डीसीपी ने कहा कि वे इस तरह का कदम नहीं उठाए। इससे उन्हें चोट भी लग सकती थी। आपके खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जा सकती है। अभिभावकों को भी समझाइश दी है। इस दौरान तीनों ने बताया कि स्कूल के फेयरवेल में जाने के दौरान वीडियो बनाया गया था। पुलिस ने तीनों स्टूडेंट्स को सजा भी दी है। उन्हें लोगों को ट्रैफिक रूल्स के बारे में अवेयर करना होगा। इसके लिए वे टैफिक वॉलंटियर्स बनकर पर्चे बांटेंगे। इंदौर के स्टूडेंट का एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। जिसमें कुछ स्टूडेंट महिंद्रा की थार कार की छत पर बैठ कर जा रहे हैं और उसी दौरान चलती जीप से धड़ाम से नीचे गिर गए। हालांकि, इस दौरान किसी को कोई गंभीर चोट नहीं आई।

## इंदौर संभाग के ग्रामीण क्षेत्रों में आधार कार्ड बनाने की व्यवस्था का किया जायेगा विस्तार

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

इंदौर। संभागायुक्त श्री दीपक सिंह ने कहा है कि संभाग में हर व्यक्ति के पास अपना आधार कार्ड हो, यह सुनिश्चित करने के लिये ग्रामीण क्षेत्रों में आधार कार्ड बनाने की व्यवस्था को विस्तारित किया जायेगा। प्रयास यह किये जायेंगे कि ग्राम पंचायत स्तर पर आधार कार्ड बनाने की व्यवस्था हो। इसके लिये उन्होंने संभाग के सभी जिला कलेक्टरों को कार्ययोजना बनाने के निर्देश दिये है। उन्होंने कहा कि इंदौर संभाग में अभियान चलाकर जल जीवन मिशन के अपूर्ण कार्यों को शीघ्र पूरा किया जाये। जिन पंचायतों में जल जीवन मिशन की नल-जल योजनाएं पूर्ण हो गई है, उन्हें पंचायतों को हस्तांतरित कर दिया जाये। संभागायुक्त श्री दीपक सिंह की अध्यक्षता में आज यहां वर्चुअली रूप से कलेक्टर कॉन्फ्रेंस सम्पन्न हुई। इस कॉन्फ्रेंस में इंदौर कलेक्टर श्री आशीष सिंह सहित संभाग के जिलों के कलेक्टर्स और संबंधित विभागों के अधिकारी मौजूद थे। बैठक में संभागायुक्त श्री दीपक सिंह ने मुख्य रूप से राजस्व महाअभियान, मुख्यमंत्री जन कल्याण अभियान, जल जीवन मिशन, आयुष्मान कार्ड बनाने का अभियान, धरती आबा अभियान आदि की प्रगति की जिलेवार समीक्षा की। इस संबंध में उन्होंने संबंधित जिलों के कलेक्टरों से चर्चा भी की और उन्हें आवश्यक दिशा-निर्देश दिये।

## पुलिसकर्मियों से बदसलूकी करने वालों का सिर मुंडवाकर ढोल के साथ निकाला जुलूस

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर। राजेन्द्र नगर स्थित रीजनल पार्क में सोमवार रात बर्थडे पार्टी के दौरान बीट के दो जवानों से युवकों ने विवाद किया। हालांकि, पुलिस ने पहले कोई कार्रवाई नहीं की, लेकिन मंगलवार को जब सोशल मीडिया पर आरोपियों का वीडियो सामने आया, तो पुलिस ने कार्रवाई शुरू की और आरोपियों को गिरफ्तार किया।**



बुधवार को पुलिस ने आरोपियों का सिर मुंडवाकर उन्हें इलाके में ढोलक बजवाकर जुलूस निकाला। राजेन्द्र नगर में सिपाही राहुल और पवन गुर्जर से अभद्रता और मारपीट करने वाले आरोपियों में रोहित उर्फ अक्कू बटला, लाल उर्फ सिंगर, अर्जुन उर्फ गोलू, विक्की, अभिषेक, सचिन और भोलू शामिल थे। पुलिस ने इन सभी आरोपियों का मुंडन कराकर उन्हें उसी स्थान पर ले जाया, जहां उन्होंने पुलिसकर्मियों से अभद्रता की थी। जुलूस के दौरान आरोपियों को इलाके में ढोलक बजवाकर घुमाया गया, और वे माफी मांगते हुए नजर आए। यह घटना तब हुई जब सभी आरोपी बर्थडे पार्टी के दौरान शराब पी रहे थे। सूचना मिलने पर सिपाही राहुल और पवन वहां पहुंचे थे, लेकिन शराब पी रहे युवकों ने उनके साथ मारपीट कर हंगामा किया। इस घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद वरिष्ठ अधिकारियों ने पुलिस को कार्वाई करने के आदेश दिए, और अंततः आरोपियों की गिरफ्तारी हुई।

## डेंटल कॉलेज प्रिंसिपल विवाद सुलझा

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

इंदौर। प्रदेश के एकमात्र सरकारी ऑटोनोमस डेंटल कॉलेज में प्रिंसिपल की कुर्सी को लेकर डॉ. संध्या जैन और डॉ, अलका गुप्ता के मामले में मंगलवार को हाई कोर्ट में सुनवाई हुई। करीब 2 घंटे की बहस के बाद कोर्ट ने बुधवार को आदेश जारी कर दिया है। हाई कोर्ट ने डॉ. अलका गुप्ता को प्रिंसिपल बनाया है। इसके पूर्व सोमवार को डॉ. संध्या जैन ने हाई कोर्ट में रिज्वाइंडर पेश किया था। मंगलवार को दोनों पक्षों की ओर से वकीलों ने तर्क रखे। तब दोनों पक्षों के अपने-अपने दावे हैं कि आदेश हमारे पक्ष में होना बताया था।

## इंदौर में जीरो वेस्ट शादियों के लिए आईआईटी वाले दोस्तों का स्टार्टअप

### 50 हजार से बनाया 75 करोड़ का धंधा

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

इंदौर। देश का सबसे साफ शहर इंदौर अब जीरो वेस्ट शादियों के नए ट्रेंड के लिए भी जाना जा रहा है। शहर में होने वाले बड़े इवेंट और हाईप्रोफाइल शादियों से निकलने वाले कचरे का समाधान करने के लिए स्वाहा नामक स्टार्टअप ने एक अनूठी पहल की है। यह स्टार्टअप इंदौर सहित देश के कई बड़े शहरों में शादियों और इवेंट्स को जीरो वेस्ट बना रहा है।

इस स्टार्टअप की शुरुआत 2014 में हुई थी। स्वाहा को फाउंडर ज्वलंत शाह और रोहित अग्रवाल ने शुरू किया था। वे आईआईटी इंदौर के पूर्व छात्र हैं। उनके साथी समीर शर्मा ने बताया कि यह स्टार्टअप भारत के 10 राज्यों के अलावा दुबई में भी जीरो वेस्ट इवेंट्स का आयोजन कर रहा है। स्टार्टअप बड़े इवेंट्स से निकलने वाले गीले और सूखे कचरे को अलग-अलग कर उसका प्रबंधन करता है। गीले कचरे से खाद बनाई जाती है, जबकि सूखा कचरा रीसाइक्लिंग संयंत्रों में भेजा जाता है। पिछले 45 दिनों में इंदौर में 2200 शादियों से 160 टन कचरा इकट्ठा किया गया। स्वाहा का मॉडल बेहद प्रभावी है। एक इवेंट को जीरो वेस्ट बनाने में 10,000 से 3 लाख रुपये तक खर्च आता है। वे 4 से 7 रुपये प्रति किलो के हिसाब से कचरे को प्रबंधित करते हैं। शुरुआत में मात्र 50,000 रुपये से शुरू हुए इस स्टार्टअप की मौजूदा वैल्यूएशन 75 करोड़ रुपये हो चुकी है। अच्छी बात यह है कि जीरो वेस्ट शादियों में प्लास्टिक, थर्माकोल और स्टायरोफोम से बनी चीजों का इस्तेमाल नहीं होता। इस पहल से अन्य युवाओं को भी प्रेरणा मिल रही है।



# मुख्यमंत्री डॉ. यादव आज भोपाल के सबसे बड़े नव निर्मित फ्लाई-ओवर का करेंगे उद्घाटन

### 154 करोड़ की लागत से बना है 2900 मीटर लंबा फ्लाई-ओवर

## फ्लाई-ओवर यातायात प्रबंधन में होगा सहायक

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल, एजेंसी। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव, गुरवार 23 जनवरी को गायत्री मंदिर से गणेश मंदिर के बीच 154 करोड़ रूपये की लागत से नव निर्मित भोपाल के सबसे बड़े फ्लाई-ओवर का उद्घाटन करेंगे। यह फ्लाई-ओवर शहर के यातायात प्रबंधन में महती सुधार लाने में सहायक होगा। साथ ही यात्रियों को राहत प्रदान करेगा। समारोह में लोक निर्माण मंत्री श्री राकेश सिंह भी उपस्थित रहेंगे।**



भोपाल शहर में मैदा मिल मार्ग पर गायत्री मंदिर से डीबी मॉल चौराहा, बोर्ड ऑफिस चौराहा, प्रगति चौराहा से मानसरोवर कॉम्प्लेक्स होते हुए गणेश मंदिर तक निर्मित फ्लाई-ओवर 2900 मीटर लंबा और 15 मीटर चौड़ा है। यह मैदा मिल मार्ग को विद्या नगर, शक्ति नगर, कस्तूरबा नगर, साकेत नगर, दानिश नगर, आशिमा मॉल और एम्स जैसे प्रमुख रिहायशी और वाणिज्यिक क्षेत्रों से जोड़ता है। इसके अलावा, औबेदुल्लागंज, नर्मदापुरम, बैतूल, खंडवा और जबलपुर की ओर जाने वाले यात्रियों के लिए भी यह मार्ग को सुगम बनाएगा। यह फ्लाई-ओवर डी.बी. मॉल, बोर्ड ऑफिस, प्रगति पेट्रोल पंप और मानसरोवर चौराहे जैसे भीड़-भाड़ वाले क्षेत्रों पर यातायात का दबाव कम करेगा। प्रारंभिक आंकलन के अनुसार 60% यातायात इस फ्लाई-ओवर से गुजरेगा, जबकि शेष 40% यातायात पुराने मार्गों का उपयोग करेगा। फ्लाई-ओवर की एक शाखा डी.बी. मॉल चौराहे से भोपाल हाट (मंत्रालय मार्ग) की ओर जाती है, जिससे वल्लभ भवन तथा अरेरा हिल्स पर स्थित समस्त राज्य स्तरीय कार्यालयों में कार्य करने वाले कर्मचारियों को पीक आर्वस में लगने वाले जाम से राहत मिलेगी। यातायात सुगम हो जाने से नागरिकों को अपने गंतव्य स्थान तक पहुँचने में समय की बचत होगी और वाहन प्रदूषण में भी कमी आयेगी, जिससे भोपाल शहर के नागरिकों को राहत मिलेगी।

## सूखे नाले में गिरकर 25 भेड़ों की मौत



**बुरहानपुर, एजेंसी।** बुरहानपुर के देवरी के जंगल में अंबाड़ा से आए ठेल्लारी समाज के पशुपालकों की 25 भेड़ों की मौत हो गई। घटना उस समय हुई जब भेड़ों का मालिक 300 से अधिक भेड़ों का झुंड चराने के लिए गया था। इस दौरान कुछ भेड़ें 8-10 फीट गहरे सूखे नाले में गिर गईं। भेड़ मालिक चिंतामन धनगर के अनुसार, बड़े झुंड के कारण उन्हें तुरंत पता नहीं चल पाया कि भेड़ें नाले में गिर गई हैं। स्थानीय लोगों ने कुछ भेड़ों को बचाने का प्रयास किया, लेकिन 25 भेड़ें दबकर मृत पाई गईं। इस हादसे में ठेल्लारी समाज को लगभग डेढ़ से पौने दो लाख रुपए का नुकसान हुआ है।

## भाजपा विधायक ने थानों में बनाए प्रतिनिधि

**शिवपुरी, एजेंसी।** पिछोर से भाजपा विधायक प्रीतम लोधी ने अपने विधानसभा क्षेत्र के सभी थानों के लिए अपने प्रतिनिधि बना दिए। विधायक इसका बकायदा पत्र जारी करके अधिकारियों को सूचना भी दे दी कि संबंधित थानों में उनकी ओर से अधिकृत प्रतिनिधि ही जनता की समस्याओं को लेकर संवाद और पैरवी करेंगे। विधायक की इस व्यवस्था पर सवाल खड़े हो गए हैं। अधिकारियों ने थाना स्तर पर विधायक प्रतिनिधि बनाए जाने को नियम विरुद्ध बताया है। वहीं, बुधवार को विधायक ने इंटरनेट मीडिया पर जारी वीडियो में अपने निर्णय को बिल्कुल सही बताते हुए अब हर विभाग में भी अपने प्रतिनिधि नियुक्त करने की बात कही है। इस पर कांग्रेस ने उन पर निशाना साधा है। बता दें कि भाजपा विधायक प्रीतम लोधी ने अपनी विधानसभा क्षेत्र की तीन थानों मायापुर, बामोरकलां और खनियाधाना में विधायक प्रतिनिधि नियुक्त किए हैं। उल्लेखनीय है कि जिला पंचायत, नगर निगम, नगर पालिका में तो जनप्रतिनिधियों के प्रतिनिधि नियुक्त होते रहे हैं परंतु संभवतः पहली बार पुलिस थानों में प्रतिनिधि नियुक्ति किए जाने की बात सामने आई है, जिसके प्रविधान पर भी बहस छिड़ गई है।

## राजपथ पर दिखेगी मध्यप्रदेश में चीतों की ऐतिहासिक पुनर्स्थापना की झलक



**भोपाल, एजेंसी।** नई दिल्ली में आयोजित गणतंत्र दिवस परेड-2025 में मध्यप्रदेश की झाँकी "चीता द प्राइड ऑफ इण्डिया'' की थीम पर केन्द्रित होगी। झाँकी में मध्यप्रदेश में चीतों की ऐतिहासिक पुनर्स्थापना की झलक दिखेगी। भारत से 70 वर्ष पूर्व चीते विलुप्त हो चुके थे, भारत में चीतों की वापसी का श्रेय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के विजन को जाता है। प्रदेश में चीता परियोजना की सफलता के साथ अब मध्यप्रदेश "टाइगर स्टेट'' और "चीता स्टेट'' भी बन गया है। मध्यप्रदेश के श्योपुर जिले में कूनो नदी के किनारे स्थित राष्ट्रीय कूनो अभयारण्य देश में चीतों का एक नया घर है। अभयारण्य में चीतों के लिये उचित आहार और प्राकृतिक आवास मौजूद हैं। पुनर्स्थापना की सफल परियोजना के परिणाम स्वरूप कूनो में वयस्क और शावक सहित कुल 24 चीते अभयारण्य में विचरण कर रहे हैं।

## धार्मिक नगरों में शराबबंदी का पूर्व सीएम उमा भारती ने स्वागत किया



@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल, एजेंसी।** मध्य प्रदेश की मोहन सरकार ने राज्य के 13 धार्मिक नगरों में शराबबंदी का निर्णय लिया है। यह निर्णय एक अप्रैल से लागू किया जा सकता है। इस फैसले की पूर्व मुख्यमंत्री उमा भारती ने सराहना की है और इसे 'अभूतपूर्व' करार दिया है। उमा भारती ने अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर लिखा कि मध्य प्रदेश सरकार द्वारा धार्मिक शहरों में पूर्ण शराबबंदी का निर्णय अभूतपूर्व है। इसके लिए मुख्यमंत्री मोहन यादव का अभिनंदन। इस पर मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने उमा भारती के ट्वीट पर जवाब दिया कि आदरणीय दीदी प्रणाम, प्रदेश के धार्मिक शहरों में पूर्ण शराबबंदी का निर्णय सरकार की प्राथमिकताओं में से एक है। इससे न केवल धार्मिक श्रद्धालुओं की आस्था का सम्मान होगा, बल्कि समाज को भी सकारात्मक दिशा मिलेगी। आपके आशीर्वचन के लिए धन्यवाद।

# अपनी ही सरकार को आईना दिखाने पद यात्रा पर सांसद

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट



**सतना, एजेंसी।** सांसद गणेश सिंह ने अपनी ही पार्टी की नगर सरकार के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है। सतना में स्मार्ट सिटी प्रोजेक्ट की वास्तविकता जानने के लिए सांसद गणेश सिंह तीन दिन तक सभा 45 वार्डों की पदयात्रा पर हैं। पहले दिन बुधवार को 10 किलोमीटर की पदयात्रा में उन्होंने पाया कि केंद्र से मिले 915 करोड़ के फंड का सही उपयोग नहीं हुआ है। नगर निगम के दावों के अनुसार, कुल 72 प्रोजेक्ट्स में से 43 पूरे हो चुके हैं और 29 प्रगति पर हैं, लेकिन जमीनी हकीकत कुछ और ही बयान कर रही है। सांसद गणेश सिंह ने अभी तक की पदयात्रा के अनुभव बताते हुए कहा कि लोगों मे बहुत गुस्सा है। सड़कें बदहाल हैं। नालियां टूटी हैं। साल भर पहले सीवर लाइन की खुदाई में जिस जगह एक श्रमिक की मौत हो गई थी। आज भी वहां वही स्थित मिली। स्कूली बच्चों को भी आवागमन में समस्याएं आ रही हैं। स्कूल के वाहन उनके घरों तक नहीं पहुंच पा रहे। पदयात्रा में उन्हें पग पग पर नगर निगम के उलहने सुनने को मिले। लोग हाथ पकड़कर सांसद को साथ ले गए और सड़क, नाली, पानी की समस्याएं सुनाई। सांसद स्वयं जिन सड़कों से हो कर गुजरे, वहां की बदहाली उन्होंने स्वयं महसूस की।

# जीजा ने 11 वर्षीय साली से किया दुष्कर्म

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल, एजेंसी।** भोपाल में नाबालिग बालिकाओं पर यौन हमलों के मामले थमने का नाम नहीं ले रहे हैं। ताजा मामला नजीराबाद थाना इलाके के एक गांव का है। यहां मुंहबोले जीजा ने 11 वर्षीय बालिका को बंधक बनाकर दुष्कर्म किया है। आरोपी अपनी पत्नी की तबीयत खराब होने का बहाना बनाकर बालिका को अपने घर ले गया था। आरोप है कि इस अपराध में आरोपी की पत्नी भी साथ दिया है। नजीराबाद थाना प्रभारी कृष्णा ठाकुर ने बताया कि क्षेत्र में रहने वाली बालिका के भाई को पड़ोस के गांव में रहने वाले विनय सिंह की पत्नी पूनाबाई राखी बांधती है। इस वजह से दोनों के परिवारों में घनिष्ठता रही है। सोमवार रात को विनय सिंह बालिका के घर पहुंचा। उसने बताया कि पूनाबाई की तबीयत खराब हो गई है। उसकी देखरेख के लिए वह बालिका को साथ ले जा रहा है। पारिवारिक संबंध की वजह से बालिका के परिजन ने किसी तरह का संदेह नहीं किया। घर ले जाकर विनय और उसकी पत्नी ने बालिका को एक कमरे में बंद कर दिया। विनय सिंह ने बालिका के साथ दुष्कर्म किया। घटना के बारे में किसी को कुछ न बताने की धमकी देकर वह मंगलवार सुबह बालिका को वापस उसके घर छोड़कर चला गया। बालिका ने अपने साथ हुई घटना की जानकारी परिजन को दी, तो घर में कोहराम मच गया। घटना से आक्रोशित पीड़िता के परिजन ने थाने पहुंचकर शिकायत दर्ज कराई। पुलिस ने बंधक बनाने, दुष्कर्म और पॉक्सो कानून के तहत मामला दर्ज कर आरोपी पति-पत्नी को गिरफ्तार कर लिया है। पति के अपराध में पत्नी क्यों शामिल हुई? इस संबंध में पूछताछ की जा रही है।

## पानी के लिए बहा खून, कुल्हाड़ी से जानलेवा हमले में बेटे का सिर तो मां की उंगली कटी

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**छतरपुर, एजेंसी।** छतरपुर जिले में पानी के लिए खून के प्यासे लोगों का मामला सामने आया है, जहां पीने के लिए कुएं से पानी भरने पर विवाद हो गया और एक पक्ष ने दूसरे पक्ष को पानी न भरने की हिदायत दी और नहीं मानी तो कुएं पर ही कुल्हाड़ी से जानलेवा हमला कर दिया। इसमें एक ही परिवार के तीन लोग (महिला-पुरुष) घायल हुए हैं जिन्हें गंभीर हालत में जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां उनका इलाज चल रहा है। ओरछा रोड थाना क्षेत्र के ग्राम ढिलापुर में बुधवार को एक युवक ने पानी भरने के लिए जैसे ही मोटर पंप चलाया। वैसे ही परिवार के कुछ लोगों ने उसे पीटना शुरू कर दिया। बीच-बचाव करने पहुंचे लोगों के साथ भी आरोपियों ने मारपीट की है। घायलों को इलाज के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। ढिलापुर निवासी देवेन्द्र कुशवाहा ने बताया कि बुधवार की सुबह करीब 7 बजे उसके पिता प्रकाश कुशवाहा ने पानी भरने के लिए कुंए की मोटर चालू की तो उसके चचेरे भाई बबलू कुशवाहा ने विवाद करते हुए गाली-गलौज और मारपीट शुरू कर दी।

## संपादकीय

# नक्सलियों के खिलाफ सुरक्षाबलों की कार्रवाई

नक्सलियों के खिलाफ छत्तीसगढ़-ओडिशा सीमा के पास गरियाबंद के जंगलों में सुरक्षाबलों की कार्रवाई में सोमवार-मंगलवार को 14 नक्सलियों के शव मिलने के बाद बुधवार को दो और नक्सलियों के शव बरामद हुए। इस ऑपरेशन में अब तक 16 नक्सलियों के शव बरामद किए जा चुके हैं। शव खोजने का काम जारी है। इस ऑपरेशन को सीआरपीएफ कोबरा, एसओजी ओडिशा और छत्तीसगढ़ पुलिस के 700 से अधिक जवानों ने 36 घंटे तक बिना सोए नॉन-स्टॉप ड्रोन, डॉग स्क्वायड और टेक्नॉलजी की मदद से अंजाम दिया। छत्तीसगढ़ में गरियाबंद के SP निखिल अशोक कुमार राखेजा ने बताया कि ऑपरेशन में मारे गए नक्सलियों में से एक करोड़ रुपये का इनामी जयराम उर्फ चलपति समेत कम से कम छह नक्सलियों के बड़े कमांडर थे क्योंकि नक्सलियों में छोटे काडर के सदस्य आम तौर पर देसी पिस्तौल और अन्य हथियार रखते हैं जबकि एरिया कमांडर और इससे ऊपर के नक्सली एके-47, इंसास रायफल और अन्य ऑटोमैटिक हथियार रखते हैं। इस ऑपरेशन में मारे गए सभी नक्सलियों की पहचान की जा रही है। नक्सलियों के इस बड़े ग्रुप का खात्मा होने से नक्सलियों को बड़ा झटका लगा है। ऐसे में सूत्रों का कहना है कि आने वाले समय में नक्सली इसका बदला लेने की कोशिश कर सकते हैं। ऐसे में खास तौर से सड़क मार्ग का इस्तेमाल करने वाले सुरक्षाबलों के काफिले और कैंप्स में रह रहे सुरक्षाबलों को काफी सतर्क रहने की जरूरत होगी। मामले में एक अधिकारी ने बताया कि इससे बचने के लिए भी योजना बनाई जा रही है। मारे गए 16 नक्सलियों में से नक्सलियों की सेंट्रल कमिटी के सदस्य जयराम के ऊपर ही करीब 50 मामले दर्ज हैं।

### अर्ज किया है..!

*परिंदों में तो ये फ़िरक़ा-परस्ती भी नहीं देखी*
*कभी मंदिर पे जा बैठे*
*कभी मस्जिद पे जा बैठे*

-नूर तक़ी नूर

isha



**सख्त पसंद और नापसंद के साथ, आप जीवन की कई संभावनाओं के लिए अपने दरवाजे बंद कर लेते हैं।**

- जग्गी वासुदेव

## धर्म-कर्म

# षट्तिला एकादशी पर बने हैं ये शुभ योग, इन 6 तरीकों से करें तिल का प्रयोग, पूरी होगी हर मनोकामना



माघ महीने के कृष्ण पक्ष की एकादशी को षट्तिला एकादशी कहते हैं। षट्तिला एकादशी पर इस बार ग्रहों के बेहद शुभ संयोग बने हुए हैं। इस दिन भक्त छह तरीकों से तिल का इस्तेमाल करके भगवान विष्णु की पूजा करते हैं। षट्तिला एकादशी का अर्थ ही छह तिल वाली एकादशी है। इस एकादशी का महत्व भगवान विष्णु की पूजा से जुड़ा हुआ है। तिल का उपयोग पूजा में कई तरह से किया जाता है। जैसे तिल से स्नान करना, तिल से हवन करना, तिल का दान करना, तिल युक्त भोजन खाना, तिल मिश्रित जल पीना और तिल से भगवान का अभिषेक करना। ऐसा करने से आपको विशेष पुण्य मिलता है और भगवान विष्णु भी प्रसन्न होते हैं। तो आइए आपको बताते हैं कि षट्तिला एकादशी पर कौन से शुभ योग बने हैं और तिल से किस प्रकार भगवान विष्णु की पूजा करनी चाहिए।

### षट्तिला एकादशी पर शुभ योग

माघ महीने के कृष्ण पक्ष की एकादशी 24 जनवरी की शाम 7 बजकर 25 मिनट से शुरू होकर 25 जनवरी की रात 8 बजकर 31 मिनट तक रहेगी। इस प्रकार से षट्तिला एकादशी का व्रत 25 जनवरी को रखा जाएगा। इस दिन चंद्रमा और मंगल का सीधा संयोग बनेगा। इसके साथ ही इस दिन उत्तराषाढ़ा नक्षत्र बनेगा। षटतिला एकादशी पर ध्रुव योग का संयोग बन रहा है। इस शुभ योग में दान करने से आपको अक्षय पुण्य की प्राप्ति होती है। इसके साथ ही शिववास योग का भी निर्माण हो रहा है।

### षट्तिला एकादशी पर तिल का महत्व

षट्तिला एकादशी का महत्व पौराणिक कथाओं से जुड़ा है। प्रह्लाद पर हिरण्यकश्यप के अत्याचार से भगवान विष्णु क्रोधित हो गए थे। उनके क्रोध के पसीने से ही धरती पर तिल उत्पन्न हुए। इसलिए हिंदू धर्म में तिल को पवित्र माना जाता है और षट्तिला एकादशी पर इसका विशेष महत्व है। इस दिन तिल का छह प्रकार से प्रयोग अनिवार्य माना गया है। ऐसा करने से भगवान विष्णु प्रसन्न होते हैं और भक्तों को अक्षय पुण्य प्रदान करते हैं।

षट्तिला एकादशी पर तिल के 6 प्रयोग

षट्तिला एकादशी पर तिल के 6 प्रकार से प्रयोग इस प्रकार से हैं। पहला, तिल मिले जल से स्नान। दूसरा, तिल के तेल से मालिश। तीसरा, तिल से हवन। चौथा, तिल मिले जल का सेवन। पांचवा, तिल का दान। छठा, तिल से बने पदार्थों का सेवन। इन छह तरीकों से तिल का प्रयोग करके व्यक्ति भगवान विष्णु की कृपा प्राप्त करता है। ऐसा माना जाता है कि ऐसा करने से सभी पाप नष्ट हो जाते हैं और स्वर्ग में स्थान मिलता है।

Uttarpradesh

# मौसम ने अचानक लिया यू-टर्न, घने कोहरे के साथ बढ़ी ठिठुरन, बारिश का अलर्ट...

**लखनऊ, (एजेंसी)** यूपी की राजधानी लखनऊ सहित अवध क्षेत्र में मौसम ने गुरुवार को अचानक यू-टर्न लिया। दो दिन धूप खिलने से पारा उछला, जो गुरुवार सुबह घने कोहरे और ठंड के साथ एखदम से बढ़ गया। इससे गलन और ठिठुरन बढ़ गई। वाहन गंतव्य स्थान तक पहुंचने के लिए लाइट जलाकर रेंगते हुए दिखे।

वहीं स्कूली बच्चों और आफिस जाने वाले लोगों को भी खासी दिक्कतों का सामना करना पड़ा। लोग अलाव के पास बैठकर ठंड से बचाव करते नजर आए। सड़कों पर एक तरह से सन्नाटा छाया रहा। अति आवश्यक होने पर ही लोग घरों से बाहर निकले। मौसम विभाग के



अनुसार आज बारिश के भी आसार हैं।

यूपी के ज्यादातर हिस्सों में पिछले दो दिनों से धूप खिलने से दिन के पारे में उछाल देखने को मिला है। साथ ही ठंड में कमी आई है। तराई के इलाकों में कोहरे और सर्दी का असर बरकरार है। मौसम विभाग के पूर्वानुमानों के मुताबिक प्रदेश के पश्चिमी हिस्से के कुछ जिलों में बुधवार देर रात से बूंदाबांदी के आसार हैं।

प्रदेश में तमाम जगहों पर वर्ष 2021 के बाद जनवरी में सर्वाधिक तापमान दर्ज किया गया। 30 डिग्री के साथ वाराणसी सबसे गर्म और सात डिग्री के साथ अयोध्या सबसे ठंडा रहा।वहीं बृहस्पतिवार के लिए प्रदेश के तराई समेत 48 जिलों में घने कोहरे की चेतावनी जारी किया गया है।

Uttarpradesh

## 800 रुपये के लिए मर्डर, गाजियाबाद के पार्क में गोली मारकर ले ली जान

**गाजियाबाद, (एजेंसी)** गाजियाबाद के नंदग्राम थानाक्षेत्र की नई बस्ती में 800 रुपये के विवाद में लेबर सप्लायर की गोली मारकर हत्या कर दी गई। पुलिस के मुताबिक प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि दोस्तों ने ही घटना को अंजाम दिया। हत्यारोपियों की गिरफ्तारी के लिए टीमें गठित कर दी गई हैं।

जानकारी के मुताबिक नंदग्राम के नई बस्ती निवासी 34 वर्षीय चंचल पहले मजदूरी करता था और कुछ समय से वह लेबर सप्लाई की ठेकेदारी करने लगा। बुधवार रात करीब पौने दस बजे वह घर के नजदीक टेंपो स्टैंड से सटे पार्क में था। उसके साथ करीब छह लोग भी वहां थे। बताया जा रहा है कि चंचल का अन्य लोगों से विवाद शुरू हो गया और देखते ही देखते अन्य लोगों ने उसके साथ मारपीट शुरू कर दी। इसी दौरान गोलियां बरसाकर उसे मौत के घाट उतार दिया गया। घटना को अंजाम देकर आरोपी मौके से फरार हो गए। गोलियों की आवाज सुनकर लोग मौके पर पहुंचे तो चंचल लहूलुहान हालत में पड़ा हुआ था। चंचल को अस्पताल ले जाया गया, जहां उसे मृत घोषित कर दिया गया। सूचना पर पहुंची पुलिस मामले की जांच में जुटी है।

**एक गोली सीने में और दूसरी पीठ में लगी-** डीसीपी सिटी राजेश कुमार ने बताया कि एक गोली चंचल के सीने में और दूसरी पीठ में लगी है। प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि 800 रुपये को लेकर झगड़ा शुरू हुआ था। इसी दौरान गोलियां मारकर चंचल की हत्या कर दी गई। डीसीपी के मुताबिक घटना को अंजाम देने वाले आरोपी मृतक के दोस्त और जानकार बताए गए हैं। अब तक बाबू, गौरव और अजय के नाम सामने आए हैं। परिजनों से शिकायत ली जा रही है। शिकायत के आधार पर मुकदमा दर्ज कर आगामी कार्रवाई की जाएगी। प्रकाश में आए हत्यारोपियों की गिरफ्तारी के लिए टीमें गठित कर दी गई हैं।

keral

## कैग ने कहा- विजयन सरकार ने ₹10.23 करोड़ अधिक कीमत पर खरीदी पीपीई किट

**नई दिल्ली, (एजेंसी)** नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक (कैग) ने कोविड-19 महामारी के दौरान केरल में पीपीई किट की खरीद में अनियमितता का खुलासा किया है। कैग ने अपनी रिपोर्ट में 10.23 करोड़ रुपये के अतिरिक्त खर्च की बात कही है। रिपोर्ट में कहा गया है कि राज्य सरकार ने मार्च, 2020 में व्यक्तिगत सुरक्षा उपकरण (पीपीई) किट, एन 95 मास्क और अन्य आवश्यक वस्तुओं की खरीद के लिए केरल मेडिकल सर्विसेज कॉर्पोरेशन लि. (केएमएससीएल) को विशेष मंजूरी दी थी। पीपीई किट के लिए प्रति इकाई दर 545 रुपये निर्धारित करने के बावजूद सरकार ने मार्च और अप्रैल 2020 में प्रति इकाई दर से 300% अधिक दरों पर किट खरीदी। कैग रिपोर्ट में कहा गया है कि इससे काफी अतिरिक्त खर्च हुआ। सीएजी रिपोर्ट में यह भी कहा गया है कि सन फार्मा कंपनी को अनुचित लाभ दिया गया। कैग की रिपोर्ट को लेकर कांग्रेस ने केरल सरकार पर हमला बोला है। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता रमेश चेन्निथला ने कहा कि वामपंथी सरकार ने बढ़ी हुई दरों पर पीपीई किट खरीदी और इसकी जानकारी मुख्यमंत्री पिनराई विजयन को थी।

Telangana

## पूर्व फौजी की क्रूरता! पत्नी की हत्या कर शव के किए टुकड़े, फिर प्रेशर कुकर में उबाला

**हैदराबाद, (एजेंसी)** तेलंगाना के हैदराबाद में दिल दहला देने वाला एक मामला सामने आया है. रंगारेड्डी जिले के मीरपेट में रहने वाले पूर्व सैनिक गुरुमूर्ति ने अपनी पत्नी वेंकट माधवी (35) की हत्या की और उसकी लाश के टुकड़े करके प्रेशर कुकर में उबाल दिया. इसके साथ ही बॉडी पार्ट्स को जिल्लेलागुडा के चंदन झील इलाके में भी फेंका. यह अपराध राचकोंडा कमिश्नरेट के अंतर्गत मीरपेट पुलिस स्टेशन के अधिकार क्षेत्र में हुआ. पुलिस के मुताबिक, मृतका के माता-पिता ने इस महीने की 13 जनवरी को मीरपेट पुलिस स्टेशन में गुमशुदगी की शिकायत दर्ज कराई थी. प्रकाशम जिले के जेपी चेरुवु का रहने वाला आरोपी गुरुमूर्ति DRDO में आउटसोर्स सुरक्षा गार्ड के रूप में काम करता था. वह अपनी



पत्नी वेंकट माधवी (35) और अपने दो बच्चों के साथ न्यू वेंकटेश्वर नगर कॉलोनी, जिल्लेलागुडा में रहता था. जब मामले की जांच शुरू हुई, तो आरोपी गुरुमूर्ति ने इस वारदात से अनजान होने का नाटक किया और ससुराल वालों के साथ पुलिस स्टेशन में जाकर पूछताछ की. हालांकि, बाद में पूछताछ में अपराध से जुड़ी चौंकाने वाली जानकारी सामने आई.

खेल

# भारत ने इंग्लैंड को सात विकेट से हराया

## अभिषेक की तूफानी पारी, 20 गेंदों पर जड़ा पचासा

**कोलकाता। सलामी बल्लेबाज अभिषेक शर्मा की तूफानी पारी के दम पर भारत ने इंग्लैंड को पहले टी20 मैच में सात विकेट से हराकर पांच मैचों की सीरीज में 1-0 की बढ़त बना ली है। इंग्लैंड ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवर में 132 रन बनाए थे, लेकिन अभिषेक ने 34 गेंदों पर पांच चौकों और आठ छक्कों की मदद से 79 रन बनाए जिसके दम पर भारत ने 12.5 ओवर में तीन विकेट पर 133 रन बनाकर मैच जीता। इंग्लैंड की ओर से तेज गेंदबाज जोफ्रा आर्चर ने दो विकेट और आदिल राशिद ने एक विकेट लिया।**

कम स्कोर का पीछा करने उतरी भारतीय टीम को संजू सैमसन और अभिषेक ने अच्छी शुरुआत दिलाई और पहले विकेट के लिए 41 रन जोड़े। हालांकि, आर्चर ने पहले सैमसन (26) और फिर कप्तान सूर्यकुमार यादव को खाता खोले बिना आउट किया जिससे भारत की पारी लड़खड़ा गई। हालांकि, अभिषेक ने इसके बाद हाथ खोले और महज 20 गेंदों पर पचासा जड़ दिया। अभिषेक ने इंग्लैंड के हर गेंदबाज को निशाना बनाया। अभिषेक इसके साथ ही टी20 अंतरराष्ट्रीय में सबसे तेज अर्धशतक लगाने वाले संयुक्त रूप से तीसरे



भारतीय बल्लेबाज बन गए। अभिषेक की पारी का अंत आदिल राशिद ने किया। फिर तिलक वर्मा और हार्दिक पांड्या ने जीत की औपचारिकता पूरी की। तिलक 16 गेंदों पर 19 रन और हार्दिक चार गेंदों पर तीन रन बनाकर नाबाद लौटे।

इससे पहले, स्पिनर वरुण चक्रवर्ती के नेतृत्व में भारतीय गेंदबाजों ने शानदार प्रदर्शन किया जिससे इंग्लैंड की पारी 132 रन पर ऑलआउट हो गई। इंग्लैंड के लिए कप्तान जोस बटलर ने अर्धशतक जड़ा और 44 गेंदों पर आठ चौकों और दो छक्कों की मदद से 68 रन बनाए। इंग्लैंड के सिर्फ तीन ही बल्लेबाज दहाई अंक तक पहुंच सके और बटलर के अलावा अन्य कोई बल्लेबाज प्रभावित नहीं कर सका। भारत ने इस मैच के लिए अनुभवी तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी को प्लेइंग-11 में जगह नहीं दी थी, लेकिन अर्शदीप सिंह ने जिम्मा संभाला और शुरुआत में ही मेहमान टीम को दो झटके देकर भारत को अच्छी शुरुआत दिलाई। अर्शदीप इसके साथ ही भारत के लिए टी20 अंतरराष्ट्रीय में सबसे सफल गेंदबाज बन गए। भारत के लिए वरुण ने तीन विकेट लिए, जबकि अर्शदीप सिंह, हार्दिक पांड्या और अक्षर पटेल को दो-दो विकेट मिले।

सिनेमा

## कपिल शर्मा समेत इन सेलेब्स को पाकिस्तान से आया धमकी वाला मेल; 'अगर 8 घंटे में...'



टीवी इंडस्ट्री से एक बड़ी खबर सामने आई है। एक्टर राजपाल यादव समेत तीन सेलेब्स को धमकीभरे ई-मेल्स मिले हैं। पहले एक्टर राजपाल यादव, कोरियोग्राफर रेमो डिसूज़ा और कॉमेडियन सुगंधा मिश्रा को धमकी भरे ई-मेल्स मिले थे। इन तीनों सेलेब्स के बाद, कॉमेडियन कपिल शर्मा को भी धमकी भरा मेल आया है। पुलिस ने इस मामले में रिपोर्ट फाइल कर ली है। पुलिस की मानें तो ये धमकीवाले मेल पाकिस्तान से आए हैं। धमकी वाले मेल्स में सेलेब्स के परिवार और करीबियों को भी टारगेट किया गया है। रिपोर्ट्स की मानें तो राजपाल यादव, सुगंधा मिश्रा और रेमो डिसूज़ा ने मुंबई पुलिस में इस मामले की रिपोर्ट दर्ज करवाई है। मुंबई स्थित अंबोली पुलिस ने सेक्शन 351(3) के तहत केस फाइल किया है। पुलिस ने जांच में पाया है कि ईमेल का आईपी एड्रेस पाकिस्तान का है। रिपोर्ट्स की मानें तो कपिल शर्मा और उनकी टीम को धमकी इसलिए मिली है क्योंकि उनके शो को सलमान खान स्पॉन्सर करते हैं। बता दें, इस मेल के बाद कपिल शर्मा और उनकी टीम को सुरक्षा दी जाएगी। जो जानकारी सामने आई है उसके मुताबिक, मेल भेजने वाले ने अपना नाम विष्णु बताया है। वहीं, जिस मेल आईडी से मेल आया है वो- don99284@gmail.com है।

## Highlights

1. **Serious matter, we expect accountability: S Jaishankar on attack on Indian consulate in US**
2. **Why is it suddenly warmer in Delhi, North India?**
3. **Kapil Sharma receives death threat from Pakistan**
4. **Death toll in Maha train accident rises to 12, Railways announces ₹1.5 lakh ex-gratia**

# Samsung launches Galaxy S25 with Qualcomm chips and AI features

**NEW DEIHI, (Agency).** Samsung Electronics on Wednesday unveiled its newest flagship smartphone, powered by Qualcomm's chips and Google's artificial-intelligence model, hoping its upgraded AI features can reinvigorate sales and fend off Apple and Chinese rivals.

Samsung was faster than Apple in launching an AI-powered smartphone but failed to regain its crown in the global smartphone market last year, squeezed by stiff competition with the U.S. rival in the premium market and with Chinese firms in the lower-end segment.

"We are one step ahead of the industry in terms of offering AI features. I believe we are going in the right direction," Park Ji-sun, the executive vice president who leads Samsung's Language AI team, told Reuters.



Samsung kept the prices of its Galaxy S25 series unchanged at between $799 and $1,299.

The new Galaxy S25 uses Gemini, offered by Alphabet's Google, as its default AI engine and also features Samsung's upgraded in-house voice assistant, Bixby, Park said.

The two tools are complementary to each other, and Bixby plays a key role at Samsung, whose products span mobile phones to TVs and home appliances, he said.

Thomas Husson, an analyst at Forrester, said that differentiating Bixby would be a challenge for Samsung.

"I don't think there is really a killer application today that you know would convince them (consumers), 'OK, I'm going to buy this one because it's an AI smartphone,'" he said.

Husson added, however, that AI features could create a halo effect around the Samsung brand.

# 'Elon Musk is our Einstein': JPMorgan CEO lauds Musk, squashes long-running feud between the billionaires

**Mumbai, (Agency).** JPMorgan CEO Jamie Dimon recently praised Elon Musk during a conversation with CNBC at the World Economic Forum in Davos, Switzerland. Referencing Musk's efforts in companies like Tesla and SpaceX, the CEO likened the world's richest man to the legendary physicist Albert Einstein. This seemingly concluded the fued between the billionaires that started due to a legal row between their companies—JPMorgan and Tesla.





About the legal battle

JPMorgan filed a $162 million lawsuit against Tesla in 2021, reported Forbes. However, last November, the biggest bank in the US dropped the lawsuit. Following this, Tesla too dropped its countersuit. According to the outlet, "Tesla has a very negative relationship with JPMorgan." While testifying in Delaware court in 2023, Musk reportedly told a JPMorgan executive, "F**k you."

"Hugged it out"- While talking about their differences, Dimon said that they "hugged" out their differences. "Elon and I hugged it out," he said, adding, "He came to one of our conferences, [and] he and I had a nice, long chat. We settled some of our differences." According to Fortune, he referred to a JPMorgan technology conference in March 2024. Citing the Wall Street Journal, the outlet reported that Dimon and Musk had a private conversation at that time, which reportedly lasted for more than an hour. "The guy is our Einstein," the JPMorgan CEO told CNBC. "I'd like to be helpful to him and his companies as much as we can," he added.

# नशे में 100 की रफ्तार से कार दौड़ाई, चार गाड़ियों को रौंदा

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर। इंदौर के सदर बाजार इलाके में एक तेज रफ्तार कार ने घर के बाहर खड़ी चार गाड़ियों को बुरी तरह क्षतिग्रस्त कर दिया। इसके बाद कार फुटपाथ पर चढ़कर एक दुकान और एटीएम में जा घुसी। हादसे की तेज आवाज सुनकर आसपास के लोग बाहर निकल आए।**

कार में सवार पांच में से दो युवक मौके से भाग गए, जबकि तीन को लोगों ने पकड़कर पुलिस के हवाले कर दिया।



यह हादसा सदर बाजार इलाके की बाम्हबाग कॉलोनी में रात करीब ढाई बजे हुआ। स्थानीय निवासी किरण दासी ने बताया कि उनकी कास्मेटिक्स शॉप के पास एक तेज रफ्तार कार (MP09CR4633) ने तीन एक्टिवा और एक बाइक को टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जोरदार थी कि गाड़ियां पूरी तरह चकनाचूर हो गईं। इसके बाद कार दुकान के फुटपाथ पर चढ़ते हुए एटीएम में जा घुसी।

रहवासियों के मुताबिक, कार की रफ्तार 100 किमी प्रति घंटे से अधिक थी। कार में सवार सभी पांच युवक नशे की हालत में थे। हादसे के बाद दो युवक भाग गए, लेकिन गुस्साए लोगों ने तीन युवकों को पकड़ लिया। इनमें से एक युवक का नाम आदित्य बताया जा रहा है।

स्थानीय लोगों ने तीनों युवकों को पुलिस के हवाले कर दिया। पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है और आरोपियों पर कार्रवाई की बात कही है। हादसे में भारी नुकसान हुआ हैं।

# छात्र की करंट लगने से मौत

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर।** भंवरकुआ इलाके में एक छात्र की करंट लगने से मौत हो गई। वह इटारसी का निवासी था और प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी के लिए इंदौर आया था। पुलिस के अनुसार, रात करीब दो बजे वह हाईटेंशन लाइन की चपेट में आया। पुलिस ने बताया कि छात्र का नाम उमंग (18) पुत्र उमेश चौधरी है, जो इंद्रपुरी कॉलोनी का रहने वाला था। देर रात उमंग अपने दोस्तों निमित और अन्य के साथ लाइब्रेरी से रूम पर वापस लौटे थे। इसके बाद, उसके दोस्त अपने-अपने रूम में सोने चले गए। इस बीच, बालकनी से धमाके की आवाज आई। दोस्त जब बालकनी की तरफ पहुंचे तो देखा कि उमंग वहां गिरा हुआ था। उमंग के परिवार के मुताबिक, वह इटारसी का रहने वाला था और छह महीने पहले प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी के लिए इंदौर आया था। उमंग का छोटा भाई और माता-पिता हैं, जो सुबह इंदौर पहुंच गए। पुलिस इस पूरे घटनाक्रम की जांच कर रही है।




स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक - पुष्पेंद्र पुष्प द्वारा पंकज प्रिंटर्स एंड पैकेजिंग एलयूएन-22, सेक्टर एफ, सांवेर रोड, इंडस्ट्रीयल एरिया, इंदौर से मुद्रित एवं इंडस्ट्री हाउस 15 ए.बी. रोड, ओल्ड पलासिया, इंदौर (म.प्र.) से प्रकाशित। ■ आर.एन.आई. नंबर MPBIL/2015/66535
■ डाक पंजीयन : एमपी/आईडीसी/1600/2023-2025 ■ *प्रधान संपादक - पुष्पेन्द्र पुष्प, ■ फोन : 7312433667, मो.नं. 9111156060 ■ *पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार। ■ न्याय क्षेत्र इंदौर रहेगा।
इस समाचार पत्र में प्रकाशित विभिन्न समाचार, सूचनाएं, आलेख एवं विचार लेखकों के अपने है तथा विभिन्न समाचार एजेंसियों एवं स्त्रोतों से प्राप्त किए गए हैं अतः इनसे प्रकाशक, संपादक एवं मुद्रक का सहमत होना अनिवार्य नहीं है- संपादक